# HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

**HINDI**

**Time – 3:00 Hrs.** **Class – IX** **M.M. : 80**

**Date – 12.09.2024 (Thursday)**

**Name of the student ______________________________________________ Section _____**

**सामान्य निर्देश –**
1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं– खंड 'क','ख','ग' और 'घ'।
2. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी खंडों के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

## खंड – 'क' (अपठित बोध)

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (7)**

आदर्श विद्यार्थी को कुछ भी कठिन या असंभव नहीं समझना चाहिए, क्योंकि परिश्रम तो उसका सहयोगी है। वह उद्यम करेगा, तो उसके चरण चूमेगी। पुरुषार्थी के लिए प्रत्येक असंभव कार्य भी संभव तथा कठिन कार्य भी सरल हो जाता है। आदर्श विद्यार्थी को अपने विद्यार्थी–जीवन में कभी भी सुख की कामना नहीं करनी चाहिए, तभी वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है, तभी विद्या उसके व्यक्तित्व का अंग बन सकती है। सभी विद्यार्थियों को यह मन में धारण कर लेना चाहिए कि सुख की कामना और विद्या की प्राप्ति, ये दोनों दो विरोधी बातें हैं। सुख चाहने वाले को विद्या नहीं मिल सकती और विद्या चाहने वाले को तत्क्षण सुख की प्राप्ति असंभव है। निरंतर परिश्रम ही विद्या–प्राप्ति का मूलमंत्र है। यदि कोई यह सोचे कि मैं परिश्रम न करूँ और मैं सुखी हो जाऊँगा, तो यह उसकी भूल है। आलसी पड़े रहने में कोई सुख नहीं, प्रत्युत् इससे दुःख, निराशा और बुरी भावनाएँ आकर घेर लेती हैं। वे सभी मनुष्य को पथभ्रष्ट करने में तथा उसके भविष्य को अंधकारमय करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अतः सभी विद्यार्थियों को निराशा और बुरी भावनाओं को त्यागकर विद्या–प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए क्योंकि निरंतर परिश्रम करने से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। परिश्रमी विद्यार्थी के लिए कोई भी कार्य कठिन नहीं होता।

(क) उसके लिए असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए– (1)

(i) किसी भी विद्यार्थी के लिए (ii) पुरुषार्थी के लिए
(iii) परोपकारी के लिए (iv) आज्ञाकारी एवं विनम्र विद्यार्थी के लिए

**विकल्प**

(क) केवल (iii) कथन सही है। (ख) केवल (i) तथा (iii) सही है।
(ग) केवल कथन (ii) सही है। (घ) कथन (iv) सही है।

(ख) लेखक ने परिश्रम को किसका सहयोगी बताया है? (1)

(क) आदर्श विद्यार्थी का (ख) आज्ञाकारी विद्यार्थी का
(ग) मृदुभाषी विद्यार्थी का (घ) स्वस्थ विद्यार्थी का

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए– (1)

कथन (A) : सफलता आदर्श परिश्रमी विद्यार्थी के चरण चूमती है।
कारण (R) : पुरुषार्थी के लिए प्रत्येक असंभव कार्य भी संभव तथा कठिन कार्य भी सरल हो जाता है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कब एक आदर्श विद्यार्थी के लिए विद्या उसके व्यक्तित्व का अंग बन सकती है? (2)

(ङ) मनुष्य को आलसी पड़े रहने में कोई सुख क्यों नहीं मिलता ? (2)

**प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (7)**

विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं
केवल इतना हो (करुणामय)
कभी न विपदा में पाऊँ भय।
दुख-ताप से व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही
पर इतना होवे (करुणामय)
दुख को मैं कर सकूँ सदा जय।
कोई सहायक न मिले
तो अपना बल पौरुष न हिले
हानि उठानी पड़े जगत में लाभ अगर वंचना रही
तो भी मन में ना मानूँ क्षय ।।
मेरा त्राण करो अनुदिन तुम यह मेरी प्रार्थना नहीं
बस इतना होवे (करुणामय)
तरने की हो शक्ति अनामय
मेरा भार अगर लघु करके न दो सांत्वना नहीं सही।
केवल इतना रखना अनुनय
वहन कर सकूँ इसको निर्भय
नत शिर होकर सुख के दिन में
तव मुख पहचानूँ छिन-छिन में।
दुख-रात्रि में करे वंचना मेरी जिस दिन निखिल मही
उस दिन ऐसा हो करुणामय,
तुम पर करूँ नहीं कुछ संशय।

(क) कवि भगवान से क्या माँग रहे हैं? (1)

(क) बहुत अधिक धन (ख) बहुत सारा सुख (ग) बहुत बड़ा घर (घ) कष्ट को सहने की शक्ति

(ख) 'दुख को मैं कर सकूँ सदा जय 'कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए– (1)

कथन

(i) दुख में स्वयं हार जाऊँ (ii) दुख में विजय प्राप्त कर सकूँ

(iii) दुख पर संशय करना (iv) दुख को सहन कर सकूँ

विकल्प

(क) कथन (i) और (ii) सही हैं। (ख) कथन (ii) और (iii) सही है।

(ग) कथन (ii) और (iv) सही है। (घ) कथन (i) और (iv) सही है।

(ग) कवि ईश्वर से कष्टों से बचाने की प्रार्थना नहीं करते क्योंकि...... दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे
सही विकल्प चुनिए– (1)

कथन

(i) वे कठोर हैं। (ii) वे निडर हैं।

(iii) वे उनका सामना स्वयं करना चाहते हैं। (iv) वे अपने को लघु मानते हैं।

विकल्प

(क) कथन (i) सही है। (ख) केवल कथन (iii) सही है।

(ग) कथन (i) और (ii) सही हैं। (घ) कथन (ii) और (iv) सही हैं।

(घ) सुख के दिनों में भी कवि क्या करना चाहते हैं ? (2)

(ङ) कवि दुख में ईश्वर से सांत्वना के स्थान पर क्या माँग रहे हैं ? (2)

## खंड – 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्र.3 निर्देशानुसार 'उपसर्ग–प्रत्यय' पर आधारित पाँच लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
**(1x4=4)**

(क) प्रत्यय किसे कहते हैं ?

(ख) कृत प्रत्यय किसे कहते हैं ?

(ग) उपसर्ग किसे कहते हैं ?

(घ) 'दुर्दिन' में कौन–सा उपसर्ग है?

(ङ) 'प्रत्येक' में कौन–सा मूल शब्द है?

**प्र.4 निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
**(1x4=4)** (क) समास किसे कहते हैं ?

(ख) समास के कितने भेद हैं ?

(ग) जिसमें प्रथम पद विशेषण होता है,वह कौन सा समास है ?

(घ) 'द्विगु' समास से आप क्या समझते हैं ?

(ङ) 'पीतांबर' में कौन सा समास है ?

**प्र.5 निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य–भेद' पर आधारित पाँच लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (1x4=4)**

(क) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं?

(ख) 'यदि परिश्रम करोगे तो सफल होगे।' अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन–सा भेद है?

(ग) 'शायद इस कांजीहौस में कोई व्यक्ति चारा दे जाए।' अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन–सा भेद है?

(घ) 'झूरी के पास दो बैल थे।' अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन–सा भेद है?

(ङ) 'क्या आप बहुत चक्कर काटते रहे?' अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन–सा भेद है ?

**प्र.6 निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) अलंकार किसे कहते हैं ? **(1x 4=4)**

(ख) अनुप्रास अलंकार किसे कहते हैं ?

रेखांकित काव्य पंक्तियों में निहित अलंकार का नाम लिखिए–

(ग) काली घटा का घमंड घटा ।

(घ) विमल वाणी ने वीणा ली ।

(ङ) मंगन को देख पट देत बार–बार है।

## खंड 'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

**प्र.7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए । (1x5=5)**

धीरे–धीरे सब कुछ बदल रहा है। एक नई जीवन–शैली अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। उसके साथ आ रहा है एक नया जीवन–दर्शन; उपभोक्तावाद का दर्शन। उत्पादन बढ़ाने पर ज़ोर है चारों ओर। यह उत्पादन आपके लिए है; आपके भोग के लिए है, आपके सुख के लिए है। 'सुख' की व्याख्या बदल गई है। उपभोग–भोग ही सुख है। एक सूक्ष्म बदलाव आया है नई स्थिति में। उत्पाद तो आपके लिए है, पर आप यह भूल जाते हैं कि जाने–अनजाने आज के माहौल में आपका चरित्र भी बदल रहा है और आप उत्पाद को समर्पित होते जा रहे हैं।

(i) गद्यांश के अनुसार, धीरे–धीरे किसमें बदलाव होने लगा है?

(क) हमारी जीवन शैली में (ख) हमारे खान–पान में (ग) हमारी संस्कृति में (द) हमारे दृष्टिकोण में

(ii) लेखक के अनुसार, नया जीवन दर्शन क्या है?

(क) उत्पादन का दर्शन (ख) उपभोक्तावाद का दर्शन (ग) उपभोग का दर्शन (घ) सुख की धारणा

(iii) आज के संदर्भ में सुख की धारणा से आशय है –

(क) उपभोक्ता ही सुख है (ख) बाजार ही सुख है (ग) उपभोग ही सुख है (घ) उत्पादन ही सुख है

(iv) लेखक के अनुसार, हम जाने-अनजाने में किसकी ओर समर्पित होते जा रहे हैं?

(क) बाजार की ओर (ख) उत्पाद की ओर (ग) उपभोग की ओर (घ) नई जीवन-शैली की ओर

(v) 'यह उत्पादन आपके भोग के लिए है।' यह किस प्रकार के दर्शन में कहा गया है?

(क) नई जीवन-शैली के दर्शन में (ख) उपभोक्तावाद के दर्शन में

(ग) उत्पादन के दर्शन में (घ) बाजार के दर्शन में

**प्र.8 निम्नलिखित <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों में से तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए । (2x3=6)**

(क) 'दो बैलों की कथा' कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभरकर सामने आए हैं ?

(ख) लेखक ने शेकर विहार में सुमति को उसके यजमानों के पास जाने से रोका, परन्तु दूसरी बार रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया ?

(ग) लेखक ने उपभोक्तावादी संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ?

(घ) लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गए ?

**प्र.9 निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए । (1x5=5)**

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन।
पाहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर कारन।
जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन।।

(i) रसखान अगला जन्म कहाँ लेना चाहते हैं?

(क) मथुरा में (ख) ब्रज के गोकुल गाँव में (ग) नंद के घर में (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) काव्यांश में रसखान केवल....... अपना संबंध रखना चाहते हैं।

(क) ब्रजभूमि से (ख) यमुना से (ग) इंद्र से (घ) दिल्ली से

(iii) कवि रसखान मनुष्य जन्म............ रूप में लेना चाहते हैं।

(क) दिल्ली में रहने वाले किसी राजा के रूप में

(ख) मथुरा में रहने वाले किसी व्यक्ति के रूप में

(ग) यमुना में नाव चलाने वाले नाविक के रूप में

(घ) गोकुल गाँव में निवास करने वाले ग्वाले के रूप में

(iv) कवि पत्थर बनकर किस पर्वत का अंग बनना चाहते हैं?

(क) हिमालय (ख) विंध्याचल

(ग) महेंद्र (घ) गोवर्धन

(v) 'कालिंदी कूल कदंब की डारन' पंक्ति में......... अलंकार है।

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) श्लेष अलंकार (घ) रूपक अलंकार

**प्र.10 निम्नलिखित किन्हीं चार प्रश्नों में से तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए । (2x3=6)**

(क) कवि ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?

(ख) ज्ञान की आँधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ग) 'ज्ञानी' से कवयित्री (ललद्यद) का क्या आशय है ?

(घ) कवि का ब्रज के वन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण हैं ?

## खंड – 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्र.11 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए – (4x2=8)**

(क) 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लिखिए कि जीवन में कैसे इंसानों को अधिक श्रद्धा भाव से देखा जाता है ?

(ख) "शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है" – इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए ।

(ग) डराने–धमकाने, उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है । पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

## **खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन )**

**प्र.12 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए ।** **(6X 1=6)**

**(क) आधुनिक जीवन में मोबाइल**

**संकेत बिंदु**

*वर्तमान समय में मोबाइल की महत्ता

*मोबाइल फ़ोन द्वारा प्राप्त होने वाली सुविधाएँ

*मोबाइल फ़ोन से होने वाले नुकसान

**(ख) लोकतंत्र और चुनाव**

**संकेत बिंदु**

*लोकतंत्र से तात्पर्य *चुनाव का महत्त्व *सही प्रतिनिधि के चुनाव से लोकतंत्र की रक्षा

**(ग) मेरे सपनों का भारत**

**संकेत बिंदु**

*भारत के बारे में मेरे विचार *साम्प्रदायिकता से मुक्त उन्नत भारत *सुखी समृद्ध भारत

**प्र.13 निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।** **(1x5=5)**

अपने क्षेत्र में बिजली की अनियमितताओं की शिकायत करते हुए क्षेत्रीय विद्युत् अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

**अथवा**

आप चंदा/चन्दन हैं। ख़राब जीवनशैली के कारण आपके मित्र का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। संयमित और स्वस्थ जीवनशैली का महत्त्व बताते हुए, लगभग 100 शब्दों में उसे एक पत्र लिखिए।

**प्र.14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय-वस्तु का चयन करके लिखिए ।** **(1x5=5)**

'अभ्यास का महत्तव' विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए ।

**अथवा**

मित्र को अच्छे अंक प्राप्त करने की बधाई देते हुए लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए ।

**प्र.15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय-वस्तु का चयन करके लिखिए।** **(1x4=4)**

परीक्षा-कक्ष में जाने से पहले अपनी-अपनी तैयारियों के विषय में दो-मित्रों की बातचीत का संवाद लेखन लगभग 80 शब्दों में कीजिए ।

**अथवा**

आपके विद्यालय में कहानी-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। आप उस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक हैं । अतः एक आयोजक/संयोजक के रूप में लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए ।